# ट्रांज़िशन योजना निर्देशिका

स्कूल से निकलने पर सेकेन्डरी बाद के योग्य परिणाम हासिल करने के लिए अक्षमता वाले बच्चों को तैयार करना



मैरीलेन्ड स्टेट डिपार्टमेन्ट ऑफ एजुकेशन प्रजाति, रंग, लिंग, आयु, राष्ट्रीय मूल, धर्म, अक्षमता अथवा जातीय पसंद के आधार पर ऐसा कोई भेदभाव नहीं करता जो रोजगार अथवा कार्यक्रमों तक पहुंच में बाधा बन जाए। डिपार्टमेन्ट की नीति से संबंधित विषयों पर जानकारी के लिए इन से संपर्क करें: Equity Assurance and Compliance Branch, Office of the Deputy State Superintendent for Administration, Maryland State Department of Education, 200 West Baltimore Street, 6th Floor, Baltimore, Maryland 21201-2595, फोन : 410–767–0433, फैक्स : 410–767–0431, TTY/TDD : 410–333–6442, www.MarylandPublicSchools.org

इस दस्तावेज का विकास और निर्माण मैरीलैन्ड स्टेट डिपार्टमेन्ट ऑफ एजुकेशन (MSDE), डिविज़न ऑफ स्पेशल एजुकेशन/अर्ली इन्टर्वेन्शन सर्विसेज द्वारा इन्डीविजुअल्स विथ डिसेबिलिटिज़ एक्ट (IDEA) ***Part B Grant -# H027A090035*** के जरिए किया गया है, जिसके लिए यु.एस. डिपार्टमेन्ट ऑफ एजुकेशन, ऑफिस ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड रिहेबिलिटेटिव सर्विसेज द्वारा धन प्रदान किया गया। यहां व्यक्त दृष्टिकोण, आवश्यक नहीं कि यु.एस. डिपार्टमेन्ट ऑफ एजुकेशन अथवा किसी अन्य फेडरल एजेन्सी तथा कार्यक्रमों के विचार से मेल खाएं. MSDE डिविज़न ऑफ स्पेशल एजुकेशन/अर्ली इन्टर्वेन्शन सर्विसेज ऑफिस ऑफ स्पेशल एजुकेशन प्रोग्राम्स, ऑफिस ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड रिहेबिलिटेटिव सर्विसेज, यु.एस. डिपार्टमेन्ट ऑफ एजुकेशन से धन प्राप्त करता है।

यह दस्तावेज कॉपीराइट मुक्त है। पाठकों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे इस जानकारी की नकल कर औरों से साझा करें, लेकिन कृपया इसके लिए MSDE डिविज़न ऑफ स्पेशल एजुकेशन/अर्ली इन्टर्वेन्शन सर्विसेज का ऋण स्वीकार करें।

*James H. DeGraffenreidt, Jr.*
*अध्ययक्ष*
राज्य शिक्षा बोर्ड

*Nancy S. Grasmick*
*स्कूल राज्य सुप्रिन्टेन्डेन्ट*

*Carol Ann Heath*
*सहायक राज्य सुप्रिन्टेन्डेन्ट*
डिविज़न ऑफ स्पेशल एजुकेशन/अर्ली इन्टर्वेन्शन सर्विसेज

*Martin O'Malley*
गवर्नर

# ट्रांज़िशन योजना निर्देशिका :
## स्कूल से निकलने पर सेंकेडरी बाद के उपयुक्त परिणाम हासिल करने के लिए अक्षम बच्चों को तैयार करना

मैरीलैंड स्टेट डिपार्टमेन्ट ऑफ एजुकेशन
डिविजन ऑफ स्पेशल एजुकेशन/अर्ली इंटरवेन्शन सर्विसेज
जनवरी 2010

# विषय सूची

ट्रांज़िशन योजना की होम फाइल के लिए सूचना ........ i

ट्रांज़िशन रूपरेखा ........ 1

इन्डिविजुअल्स विथ डिसेबिलिटिज़ एजुकेशन एक्ट 2004 (IDEA) ........ 2

ट्रांज़िशन योजना ........ 3

ग्रेजुएशन ........ 3

मैरीलैंड एग्ज़िट डॉक्युमेन्ट ........ 4

अधिकार बनाम योग्यता ........ 5

मैरीलैंड एडल्ट सर्विस एजेन्सी ........ 5

1. मैरीलैंड डेवेलपमेन्टल डिसेबिलिटिज़ एडमिनिस्ट्रेशन (DDA) ........ 6
2. डिविजन ऑफ रिहेबिलिटेशन सर्विसेज (DORS) ........ 10
3. DHMH मेन्टल हायजीन एडमिनिस्ट्रेशन ........ 12
4. डिविज़न ऑफ वर्क फोर्स डेवेलपमेन्ट एंड एडल्ट लर्निंग ........ 19

ट्रांज़िशन योजना में अभिभावक की भूमिका ........ 22

ट्रांज़िशन योजना में विद्यार्थी की भूमिका ........ 23

ट्रांज़िशन प्रक्रिया : एजेंसी लिंकेज ........ 25

# ट्रांज़िशन योजना की होम फाइल के लिए सूचना

स्कूल से बाहर आने की अनुमानित तिथि : ______________________________

मेरा बच्चा इसके साथ स्कूल से बाहर आएगा :––––––––मैरीलैंड हाई स्कूल डिप्लोमा

––––––––मैरीलैंड हाई स्कूल से कार्यक्रम सम्पन्न होने का प्रमाणपत्र

मेरा बच्चा इसे पूर्ण करेगा: ______________________________

*(*पाठ्यक्रम*)*

मेरा बच्चा इस तिथि को अपने एकेडमिक तथा कॅरियर योजना की प्रति प्राप्त करेगा : ______________

*(*तिथि*)*

मेरा बच्चा इस तिथि को अपने एग्ज़िट डॉक्युमेन्ट प्राप्त करेगा : ______________

*(*तिथि*)*

मेरे बच्चे की **ट्रांज़िशन योजना की होम फाइल** में डाली जाने वाली बातें :

सब से हाल ही का IEP _________

सब से हाल ही का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन ________

सब से हाल ही का शैक्षिक मूल्यांकन _________

पे–स्टब (प्रत्येक नियोक्ता से ) ________

कोई पुरस्कार मिले हों तो उनकी सूची *________

कोई बधाई पत्र मिले हों तो उनकी प्रतिलिपियां * _________

प्रशंसा प्रमाण पत्र की प्रतिलिपियां* _________

*इन चीजों के स्कूल से सम्बन्धित होने की आवश्यकता नहीं है।

# ट्रांज़िशन रूपरेखा
# वयस्क के रूप में हम क्या करेंगे?
# हम वहां कैसे पहुंचें ?

मैरीलैंड स्टेट डिपार्टमेन्ट ऑफ एजुकेशन की ***ट्रांज़िशन योजना निर्देशिका*** स्कूल से निकलने के बाद आपके अक्षम बच्चे के उत्तरमाध्यिमक के उपयुक्त परिणाम पर लक्ष्य देता है तथा उसे जीवन के अगले चरण के लिए तैयार होने में मदद करता है। प्रत्येक छात्र के लक्ष्य तथा परिणाम समान नहीं होते। सभी छात्रों का, भविष्य में रोजगार का लक्ष्य होना चाहिए, चाहे यह पूर्णकलिक अथवा अंशकालिक अथवा ऐसा रोजगार हो जिसमें सफल होने के लिए सहायता शामिल हों। सभी छात्रों के लिए उत्तरमाध्यिमक शिक्षा अथवा प्रशिक्षण के लक्ष्य तथा उपलब्धियां ऐसी हों जो उन्हें अपने रोजगार के लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करें। आपके बच्चे का लक्ष्य विशिष्ट आत्मनिर्भर जीवन भी हो सकता है।

इन्डिविजुअल्स विद डिसेबिलिटिज़ एक्ट (IDEA) के अनुसार उस अधिनियम का उद्देश्य है "यह सुनिश्चित करना कि सभी अक्षम बच्चों को विशेष शिक्षा तथा उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने हेतु विकसित सम्बद्ध सेवाओं एवं उन्हें रोजगार और आत्मनिर्भर जीवन के लिए तैयार करने पर बल देने वाली उचित राजकीय निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध हो।" वर्ष 2004 में IDEA की पुनः अधिकारिता के अंतर्गत बच्चों के लिए ट्रांजिशन योजना तथा उत्तरमाध्यिमक परिणामों के बारे में अत्यंत विशिष्ट भाषा शामिल की गई है। कानून छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा सामुदायिक सेवा प्रदाताओं को साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता पर जोर देता है ताकि बच्चे को उसके लक्ष्य हासिल करने में सहायता की जा सके। इस निर्देशिका का उद्देश्य है– छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा सामुदायिक सेवा प्रदाताओं को जानकारीपूर्ण सहभागिताएं निर्मित करने में सहायक होना है। निर्देशिका अभिभावकों को वैसी जानकारी भी उपलब्ध कराएगी जिसकी योजना बनाने की प्रक्रिया में आवश्यकता होगी।

इस निर्देशिका को ट्रांज़िशन (संक्रमण) योजना प्रक्रिया के लिए **जानकारीपूर्ण भागीदारी** के निर्माण हेतु विकसित किया गया है। स्कूल से उपयुक्त वयस्क क्रियाकलापों की ओर संक्रमण में छात्र, परिवार, स्कूल कर्मचारी तथा सामुदायिक एजेंसियों की सहभागिता की आवश्यकता होती है।

यह निर्देशिका निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएगी :

- इंडिविजुअल्स विद डिसेबिलिटज़ एक्ट (IDEA) 2004 के अंतर्गत ट्रांज़िशन योजना की आवश्यकताएं
- ट्रांजिशन (संक्रमण) योजना
- मैरीलैंड हाई स्कूल डिप्लोमा तथा मैरीलैंड हाई स्कूल से कार्यक्रम संपन्न होने के प्रमाणपत्र के लिए आवश्यक बातें
- मैरीलैंड एग्ज़िट डॉक्युमेन्ट
- अधिकार बनाम योग्यता
- एजेंसी सेवाएं
  1. डिविज़न ऑफ रिहेबिलिटेशन सर्विसेज (पुनर्वास सेवा प्रभाग - DORS)
  2. डेवेलपमेन्टल डिसेबिलिटिज़ एडमिनिस्ट्रेशन (विकास संबंधी अक्षमता प्रशासन - DDA)
  3. मेन्टल हायजीन एडमिनिस्ट्रेशन (मानसिक स्वास्थ्य प्रशासन - MHA)
  4. डिपार्टमेन्ट ऑफ लेबर, लाइसेन्सिंग एंड रेग्युलेशन – डिविज़न ऑफ वर्कफोर्स डेवेलपमेन्ट एंड एडल्ट लर्निंग (श्रम, अनुज्ञप्ति एवं नियमन विभाग– कार्यबल विकास तथा वयस्क शिक्षा प्रभाग)

- उत्तरमाध्यिमक शिक्षा विकलांगता सहायता सेवा से सम्बद्ध सूचनाएं
- ट्रांजिशन योजना में छात्र की भूमिका
  - ट्रांजिशन योजना  में माता–पिता की भूमिका

- ट्रांजिशन लिंकेज

# इन्डिविजुअल्स विद डिसेबिलिटिज़ एक्ट 2004 (IDEA)

IDEA 2004 ट्रांज़िशन की इस प्रकार व्याख्या करता है, "एक ऐसी परिणाम आधारित प्रक्रिया के अंतर्गत होने को निर्माण किया गया, जिसका उद्देश्य है अक्षमता वाले बच्चों की शैक्षिक तथा संचालनात्मक उपलब्धि को उन्नत करना, जिससे बच्चा स्कूल से उत्तर माध्यमिक क्रियाकलापों की ओर उन्मुख हो सके।" IDEA 2004 के लिए नियमन, जिनको 14 अगस्त 2006 को जारी किया गया है, ट्रांज़िशन सेवाओं के उद्दश्य को इस प्रकार स्पष्ट करता है, "छात्रों की अनोखी आवश्यकताओं को पूरा करना तथा उन्हें आगे भी शिक्षा, रोजगार तथा स्वतंत्र जीवन के लिए तैयार करना।

ट्रांजिशन सेवाओं को आगे किसी अक्षमता वाले छात्र के लिए क्रियाकलापों के एक समंवित सेट से परिभाषित किया गया है, जोः

- एक परिणाम आधारित प्रक्रिया के अंतर्गत होने को निमार्ण किया गया, जिसका उद्देश्य है किसी अक्षमता वाले बच्चे की शैक्षिक तथा संचालनात्मक उपलब्धि को उन्नत करना, जिससे बच्चा स्कूल से स्कूल पश्चात के क्रियाकलापों की ओर उन्मुख हो सके, जिनमें सेकंडरी के बाद की शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा; समसमन्वित रोजगार; जारी और प्रौढ शिक्षा; वयस्क सेवाएं, स्वतंत्र जीवन या सामुदायिक भागीदारी शामिल है;

- बच्चों की आवश्यकताओं पर आधारित है, जिसमें उनकी शक्तियों तथा रुचि का ध्यान रखा गया है; तथा
- जिनमें शिक्षा, संबद्ध सेवाएं, सामुदायिक अनुभव, रोजगार का विकास तथा अन्य स्कूल पश्चात के वयस्क जीवन के उद्देश्य शामिल हैं, एवं उचित समय पर दैनिक जीवन की कुशलताएं तथा कार्यात्मक व्यावसायिक मूल्यांकन भी शामिल होगा।

# मैरीलैंड में ट्राजिशन योजना तथा ट्रांजिशन सेवाओं की आपूर्ति की शुरुआत उस स्कूल साल में होती है, जब छात्र की आयु 14 वर्ष हो जाए।

# ट्रांज़िशन आयोजन

ट्रांज़िशन आयोजन का लक्ष्य है अक्षमता वाले बच्चों को वे जैसे स्कूल में प्रगति करते हैं और वयस्क विश्व में जीवन के लिए तैयार होते हैं, तब सहायता करना। वयस्क क्रियाकला निम्नलिखित में से किन्हीं का भी संयोजन हो सकते हैं:

- रोजगार
- सेकेन्डरी पश्चात शिक्षा
- रोजगार प्रशिक्षण
- स्वतंत्र जीवन
- सामुदायिक सहभागिता
- वयस्क सेवाएं

किसी विद्यार्थी के भविष्य के लिए ट्रांज़िशन का आयोजन एलिमेन्टरी स्कूल में करियर संबंधी जागरूकता और परिचय प्रवृत्तियों के दौरान शुरू होता है। बच्चे की करियरों के बारे में जानकारी में परिवार एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हररोज अभिभावक अपने निजी अनुभव साझा कर सकते हैं और अपने बच्चों को परिवार के सदस्यों और पडोसियों के रोजगार के बारे में जानने में सहायता कर सकते हैं।
14 वर्ष और उससे अधिक आयु के छात्रों के लिए इन्डिविजुअलाइज़्ड एजुकेशन प्रोग्राम (IEP) विकसित करने में ट्रांज़िशन आयोजन पहला कदम है। यह छात्र के स्कूल के किसी कर्मचारी से अपने रूचि और पसंद साझा करने के साथ शुरू होता है और फिर वहाँ से:

1. छात्र और स्कूल के कर्मचारी रोजगार संबंधित सेकेन्डरी पश्चात के रोजगार, पोस्ट सेकेन्डरी शिक्षा या रोजगार प्रशिक्षण से संबंधित परिणाम निर्धारित करते हैं; और यदि उपयुक्त हो, तो स्वतंत्र जीवन संबंधित परिणाम भी। ये सेकेन्डरी पश्चात के परिणाम आयु के लिए उपयुक्त ट्रांज़िशन मूल्यांकनो पर आधारित होते हैं।

2. स्कूल के कर्मचारी फिर विद्यार्थी को उसके परिणाम के प्रति प्रगति करने के लिए सक्षम बनाने के लिए शिक्षा के कोर्स और वार्षिक लक्ष्यों समेत किन सेवाओं की आवश्यकता होगी यह देखने के लिए एक उल्टा नक्शा तैयार करते हैं (यह सारी जानकारी IEP में शामिल की जाती है)।

3. यह प्रक्रिया हर साल दोहरायी जाती है ताकि यह निश्चित किया जा सके कि छात्र की रूचियाँ और परिणाम वही हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि छात्र/छात्रा अपने परिणामों कि ओर आगे बढ़ना जारी रखे, IEP में अनुकूलन किया जाएगा।

# ग्रेजुएशन

**मेरीलैंड हाईस्कूल डिप्लोमा** के लिए पात्र होने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम 21 क्रेडिट्स प्राप्त करना आवश्यक है। आवश्यक कोर्स क्रेडिट के अलावा सभी छात्रों को 75 घंटे की स्टुडन्ट सर्विस पूरी करनी चाहिए या उन्हें स्थानीय रूप से डिजायन किए छात्र सेवा कार्यक्रम को पूरा करना चाहिए। स्थानीय स्कूल प्रणालियाँ राज्य द्वारा तय न्यूनतम आवश्यकता के अलावा स्थानीय आवश्यकता की पूर्ति हेतु प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त क्रेडिट आवश्यकताएं निर्धारित कर सकतीं हैं या डिप्लोमा में विशिष्ट समर्थन प्रदान कर सकतीं हैं। कोर लर्निंग गोल के साथ हाई स्कूल कोर्स क्रेडिट के सम्मिलन के लिए यह आवश्यक है कि सभी छात्र हाई स्कूल एसेसमेंट (HSA) जांच के लिए निर्मित पाठ्यक्रम लें। जिस वर्ष के दौरान छात्र को क्रेडिट हेतु किसी पाठ्यक्रम में दाखिला दिया जाता है, उसे संगत HSA भी देना चाहिए।

अक्षमता वाले छात्र जो हाई स्कूल डिप्लोमा की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर पाते, वे यदि निम्न मानदंडों में से एक की पूर्ति करे तो उन्हें **मैरीलैंड हाई स्कूल सर्टिफिकेट ऑफ प्रोग्राम कम्प्लीशन** से नवाजा जा सकता है:

- ग्रेड 8 के बाद या इसी उम्र के समतुल्य के बाद किसी शैक्षिक कार्यक्रम में छात्र ने कम से कम चार (4) वर्षों तक दाखिला लिया हो तथा बच्चे के अभिभावकों की सहमति के साथ किसी IEP टीम द्वारा निर्धारित किया गया हो,

कि बच्चेने रोजगार की दुनिया में प्रवेश करने हेतु, एक नागरिक के रूप में जिम्मेदार व्यवहार करने हेतु और परिपूर्ण करने वाले जीवन का आनंद उठाने के लिए उचित कुशलता के विकसित कर ली है।

- ग्रेड 8 के बाद या इसी उम्र के समतुल्य के बाद किसी शैक्षिक कार्यक्रम में छात्र ने कम से कम चार (4) वर्षों तक दाखिला लिया हो तथा छात्र के वर्तमान स्कूल वर्ष के अंत पर वह 21 वर्ष क हो गया होगा।

# मैरीलैंड एग्ज़िट डॉक्युमेन्ट

मैरीलैंड एग्ज़िट डॉक्युमेन्ट स्नातक होने वाले छात्रों को IEP की अहम जानकारियां प्रदान करता है, जिनका वे स्कूल से सेकेन्डरी पश्चात के क्रियाकलापों के लिए उन्मुख होने में इस्तेमाल कर सकते हैं। इन क्रियाकलापों में शामिल हैं, रोजगार, उत्तर माध्यमिक शिक्षा, सहायताप्राप्त रोजगार या सामुदायिक सेवा एजेंसियों द्वारा प्रदान किया जाने वाला स्वतंत्र जीवन। यह दस्तावेज छात्रों को मैरीलैंड हाई स्कूल डिप्लोमा या मैरीलैंड हाई स्कूल सर्टिफिकेट ऑफ प्रोग्राम कम्प्लीशन के सहायक के रूप में दिया जाता है।

युवा जो कि अक्षम हैं, उन्हें सहायता के लिए या उचित समायोजन के लिए आवेदन करना **ही** चाहिए, चाहे यह सेकंडरी शिक्षा में हो, रोजगार में या स्वतंत्र जीवन सेवा में। दस्तावेज में शामिल सूचनाएं आवेदन प्रक्रिया के दौरान उनके लिए काफी मददगार होंगी। दस्तावेज वेब–आधारित प्रोग्राम से निर्मित किया जाता है। इसे एक स्कूल स्टाफ सदस्य तथा छात्र द्वारा विकसित किया गया है तथा इसमें छात्र के परिवार से भी सहयोग प्राप्त है।

दस्तावेज के लिए डेटा छात्र की IEP टीम मीटिंग के दौरान एकत्र किया जाना चाहिए, जहां ट्रांज़िशन योजना तैयार की जाती है। यह दस्तावेज ट्रांज़िशन योजना के लिए एक दिशा–निर्देश का कार्य कर सकता है। दस्तावेज संभावित रोजगार प्रदाताओं, उत्तर माध्यमिक संस्थानों तथा वयस्क सेवा प्रदाताओं के लिए युवाओं की कुशलता, शक्ति तथा उन्हें सफल होने के लिए आवश्यक किसी सहायता की जरूरत की सार्थक प्रदान कर सकता है।

मैरीलैंड एग्ज़िट डॉक्युमेन्ट में दस खंड होते हैं। निम्न में दर्शाए प्रत्येक खंड में युवा का वर्णन तथा उसके बारे मेंविशिष्ट जानकारी शामिल हैं।

- जनांकिकीय सूचनाएं
- अध्ययन पाठ्यक्रम
- शैक्षिक समायोजन/ सहायता
- रोजगार प्राथमिकताएं
- व्यक्तिगत लक्षण
- व्यक्तिगत रुचियां
- रोजगार समायोजन/ सहायता
- आवश्यक कुशलता रेटिंग
- कार्य इतिहास
- संदर्भ

# अधिकार बनाम योग्यता

सार्वजनिक शिक्षा की **अधिकारिता** तथा योग्यता पर आधारित वयस्क सेवाओं के बीच का अंतर दुविधापूर्ण हो सकता है। मैरीलैंड में कोई अक्षम छात्र जो विशेष शिक्षा सेवा प्राप्त कर रहा है, वह स्कूल वर्ष जिसमें 21 वर्ष (IDEA, 2004) की आयु प्राप्त करता है, या मैरीलैंड हाई स्कूल डिप्लोमा या मैरीलैंड हाई स्कूल सर्टिफिकेट ऑफ प्रोग्राम कम्प्लीशन की आवश्यकताओं को पूरा करता है, निःशुल्क योग्य सार्वजनिक शिक्षा का **अधिकारी** होता है। एक बार स्कूल से बाहर निकलने के बाद छात्र को वह वयस्क सेवा एजेंसियों से सेवाएं प्राप्त कर पाए उसके लिए **अर्हता मानदंडों** तथा फंडिंग योग्यता को पूरा करना आवश्यक है।

# मैरीलैंड एडल्ट सर्विस एजेंसीज

निम्न खंड उन एजेंसियों के बारे में बताएंगे जो आपके बच्चे के स्कूल से निकलने के बाद उन्हें सेवाएं प्रदान कर सकती हैं या उनके लिए सेवाएं खरीद_सकती हैं। चार सरकारी एजेंसियां हैं जो ऐसी सेवाएं प्रदान कर सकती हैं या उन्हें खरीद सकती हैं, जिनसे आपके बच्चे अधिक से अधिक आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। आपके बच्चे द्वारा इन सेवाओं को प्राप्त करने हेतु विशिष्ट मानदंडों को अवश्य पूरा किया जाना चाहिए। विशिष्ट **अर्हता मानदंडों** को एजेंसियों के विवरण में वर्णित किया गया है। ये चार एजेंसियां निम्न हैं:

1. मैरीलैंड डेवेलपमेन्टल डिसेबिलटीज एडमिनिस्ट्रेशन
2. डिवीजन ऑफ रीहेबिलिटेशन सर्विसेज/मैरीलैंड स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ एडुकेशन
3. मेन्टल हाईजीन एडमिनिस्ट्रेशन/ डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एंड मेन्टल हाईजीन
4. ऑफिस ऑफ वर्क फोर्स डेवेलपमेन्ट एंड एडल्ट लर्निंग/ मैरीलैंड डिपार्टमेन्ट ऑफ लेबर लाइसेंसिंग एंड रेग्युलेशन

यह खंड उन सेकेन्डरी पश्चात एजुकेशन डिसेब्लिटी सपोर्ट सर्विसेज की भी व्याख्या करता है, जिसके लिए आपका बच्चा आवेदन कर सकता है, जब वह अपनी शिक्षा उत्तर माध्यमिक स्कूलों, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, सामुदायिक कॉलेजों या करियर स्कूलों में प्राप्त कर रहा/रही है।

## *1. मैरीलैंड डेवलपमेन्टल डिसेबिलटीज एडमिनिस्ट्रेशन (DDA)*

मैरीलैंड डेवलपमेन्टल डिसेबिलटीज एडमिनिस्ट्रेशन (DDA), मैरीलैंड डिपार्टमेन्ट ऑफ हेल्थ एंड मेन्टल हाईजीन के अंतर्गत एक समन्वित सेवा आपूर्ति प्रणाली प्रदान करता है, ताकि अक्षम व्यक्ति को उचित सेवा प्राप्त हो सके जिससे वह समुदायिक जीवन में शामिल हो सके। सेवाएं समुदाय आधारित व्यापक सेवाओं के जरिए प्रदान की जाती हैं, जो प्रमुख तौर से नॉन–प्रॉफिट प्रदाताओं के नेटवर्क के माध्यम से प्रदान की जाती है।

परिवारों, प्रदाताओं, स्थानीय तथा सरकारी एजेंसियों के साथ विश्वास तथा सहयोग निर्माण में DDA अग्रगामी भूमिका निभाता है तथा विकास संबंधी अक्षमताओं वाले व्यक्तियों तथा उनके परिवारों को विकास के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर डालता है, जिसमें ऐसे संसाधन भी हैं जो जनसामान्य के लिए होते हैं। चूंकि व्यक्ति के अधिकार तथा गरिमा में हमारा प्रबल विश्वास है, अतः हम निम्न के लिए कृतसंकल्प हैः

- विकास संबंधी अक्षमता वाले व्यक्ति तथा उनके परिवारों को ऐसी सेवाएं तथा सहायताएं चुनने में सशक्त बनाना जो उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हों।
- भागीदारी को बढ़ाने के लिए विकास संबंधी अक्षमता वाले व्यक्तियों को सामुदायिक जीवन में शामिल करना।
- उच्च गुणवत्ता की सहायता का प्रावधान करना, जो उपभोक्ता संतुष्टि पर आधारित हो और व्यक्ति की वृद्धि और विकास को अधिक से अधिक बढ़ाए।
- वित्तीय रूप से जिम्मेदार एक अनुकूलनक्षम सेवा प्रणाली की स्थापना जो उन संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सके, जिन्हे मैरीलैंड के नागरिकों ने विकास संबंधी अक्षमता वाले व्यक्तियों की सेवा हेतु आवंटित किया है।

DDA का उद्देश्य है विकास संबंधी अक्षमता वाले व्यक्तियों तथा उनके परिवारों की सामुदायिक जीवन के हर क्षेत्र में पूर्ण सहभागिता को सुनिश्चित करना। इसके अलावा DDA का लक्ष्य है कि व्यक्तिगत वृद्धि, आत्मनिर्भरता तथा उत्पादकता को बढ़ाने के लिए आवश्यक गुणवत्तापूर्ण सहायता तथा सेवाओं के लिए उनके सशक्तीकरण को बढ़ावा देना। DDA विकास संबंधी अक्षमता वाले व्यक्तियों *द्वारा स्व–निर्धारण वाले चार सिद्धांतों* को व्यवहार में लाने के लिए कृतसकल्प है, जो हैं: (1) विकल्प चुनने की स्वतंत्रता; (2) सेवाओं तथा सहायताओं पर अधिकार (3) संगठित संसाधनों के लिए जिम्मेदारी; तथा (4) समुदाय में जीवन–यापन करने के लिए आवश्यक सहायता।

**अर्हता**

कोई व्यक्ति सभी सेवाओं के लिए योग्य हो सकता है, यदि उसे ऐसी गंभीर चिरकालिक अक्षमता होः

- जो मानसिक रोग के निदान के अलावा किसी शारीरिक तथा मानसिक क्षति से संबद्ध है, या जिसमें मानसिक तथा शारीरिक क्षति का संयोजन हो।
- जो व्यक्ति के 22 वर्ष की आयु के होने से पूर्व लिक्षत हुआ हो;
- जिसकी अनिश्चित काल तक जारी रहने की संभावना है;
- जिसके कारण व्यक्ति किसी बाह्य मदद के बिना या निरंतर एवं नियमित सहायता के बिना आत्मनिर्भर रूप से रहने में अक्षम हो;
- जिसे विशेष अंतरविषयी या साधारण देखभाल, उपचार या अन्य सेवाओं के संयोजन की आवश्यकता होती है, जो व्यक्ति के लिए योजनाबद्ध तथा समन्वित है। (हेल्थ जनरल 7–101 [e])

कोई व्यक्ति केवल सहायता सेवाओँ के लिए योग्य होता है, यदि उसे ऐसी गंभीर चिरकालिक अक्षमता होः

a) जो मानसिक रोग के प्रमुख रोग पहचान के अलावा शारीरिक तथा मानसिक अपंगता से संबद्ध है, या जिसमें मानसिक तथा शारीरिक अपंगता का संयोजन हो।

b) जिसकी अनिश्चित काल तक जारी रहने की संभावना है;
(हेल्थ जेनरल 7–403 [*c*])

DDA सेवाओं के लिए व्यक्ति को आवेदन करना तथा उसके पात्र होना निर्धारित होना आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति DDA की सेवाओं के लिए अर्हता प्राप्त माना जाता है तो उसे उसे निम्न में से किसी एक सेवा वर्ग में रखा जाएगा। ये प्राथमिकता क्रम के आधार पर सूचीबद्ध है जिसमें आवेदनकर्ता सेवाएं प्राप्त करेंगेः

- वर्ग I - संकट समाधान (क्राइसिस रेज़ल्युशन)
- वर्ग II - संकट से बचाव (क्राइसिस प्रिवेन्शन)
- वर्ग III – वर्तमान निवेदन

**DDA द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में निम्न शामिल हैंः**

- **गृह तथा समुदाय आधारित सेवाओं का वेइवरः** मेडिकेड गृह तथा समुदाय आधारित सेवाएं (HCBS) वेइवर कार्यक्रम को सोश्यल सिक्योरिटि एक्ट के अनुच्छेद 1915(c) में प्राधिकृत किया गया है। यह कार्यक्रम किसी राज्य को ऐसी घरेलू तथा सामुदायिक आधारित सेवाएं प्रदान करनें की अनुमति देता है, जो मेडिकेड लाभकर्ता को समुदाय में जीवन–यापन हेतु मदद करता है तथा किसी संस्थान् में दाखिल कराये जाने से रोकता है। वेइवर लक्षित जनसंख्या की आवश्यकता पूर्ति हेतु वेइवर कार्यक्रम को डिजायन करने का सरकार को विस्तृत अधिकार है। वेइवर सेवा ऐसी सेवाओं की पूरक तथा/या सम्पूरक होती हैं जो मेडिकेड स्टेट प्लान तथा अन्य संघीय, राजकीय तथा स्थानीय जन कार्यक्रम, और साथ ही ऐसी सहायताओं जो परिवार तथा समुदाय प्रदान करते हैं, के जरिए प्रतिभागियों के लिए उपलब्ध हैं। इसके लिए ऐसे व्यक्ति, जिन्हें डिपार्टमेन्ट ऑफ हेल्थ एंड मेन्टल हाईजीन ऑफ वेइवर सर्विसेज द्वारा वेइवर के अंतर्गत मेडिकेड सेवा प्राप्त करने को योग्य माना गया हो, और जिनको संपूर्ण अर्हता स्थिति (केवल सहायता सेवाओं की अर्हता ही नहीं) हासिल किया माना गया हो, योग्य हैं।

  - **न्यू डाइरेक्शन्स वेइवरः** न्यू डाइरेक्शन्स वेइवर वित्तीय प्रबंध सेवा (FMS) तथा सपोर्ट ब्रॉकरेज के इस्तेमाल द्वारा व्यक्ति को उनकी सेवाओं की संख्या निर्धारित करने में सक्षम बनाता है। सपोर्ट ब्रॉकर व्यक्ति को उनकी सेवाओं के प्रबंधन में मदद करता है तथा उन्हें अपनी सेवाओं के प्रबंधन के लिए आवश्यक कुशलता प्राप्त करने में सहायता करता है। सपोर्ट ब्रॉकरेज रिसोर्स कोऑर्डिनेशन का पूरक होता है, जिसमें यह, ओवरआर्चिंग प्लानिंग, रेफरल तथा रिसोर्स कोऑर्डिनेशन की गुणवत्ता आश्वासन कार्यों की तुलना में अधिक से अधिक दैनिक कार्यक्रम प्रबंधन का कार्य करता है। न्यू डाइरेक्शन्स के जरिए उपलब्ध सेवाएं ऐसी सेवाएं होती हैं, जो व्यक्ति के अपने घर या उनके परिवार के घर में सफलतापूर्वक रहने में जरूरी होती है। उपभोक्ता निदेशित सेवाओं में राहत, सहायता प्रदत्त रोजगार,

रोजगार अन्वेषण तथा अनुकूलन सेवाएं एवं कम्युनिटी लर्निंग सेवाएं, कम्युनिटी सहायता प्रदत्त जीवन–यापन व्यवस्था, परिवहन, पर्यावरण पहुंच अनुकूलन, परिवार तथा व्यक्ति सहायता सेवाएं, ट्रांजिशन सेवाएं, सपोर्ट ब्रॉकरेज एवं सहायक तकनीकी तथा अनुकूलित उपकरण शामिल हैं।

- **कम्युनिटी पाथवे:** कम्युनिटी पाथवे वेइवर विकास संबधी अक्षमता वाले लोगों को किसी संस्थान् में दाखिले के विकल्प के रूप में घर पर तथा समुदाय में रहने के लिए बढ़ावा देता है। इस वेइवर के अंतर्गत आने वाली सेवाओं में 'पारंपरिक' सेवाएं शामिल हैं, जहां व्यक्ति के लिए सर्विस डॉलर सेवा प्रदाता एजेंसियों को प्रदान किए जाते हैं। सेवाओं में शामिल हैः डे हैबिलिटेशन एंड एक्स्टेंडेड डे हैबिलिटेशन (जिनमें शामिल हैं– सहायता प्रदत्त रोजगार, रोजगार अन्वेषण तथा अनुकूलन तथा कम्युनिटी लर्निंग,) सामुदायिक निवासी सेवाएं, सामुदायिक सहायताप्रदत्त जीवन–यापन व्यवस्था, राहत, संसाधन समन्वय (केस मैनेजमेंट), पर्यावरण सुधार, परिवार तथा व्यक्ति के लिए सहायता सेवाएं, ट्रांजिशन सेवाएं, मेडिकल डे केयर तथा अनुकूलित उपकरण एवं सहायक तकनीकी।

- **एम्प्लॉयमेन्ट फर्स्ट:** DDA सेवाएं इस विश्वास के साथ स्थापित की गयीं थीं कि विकास संबंधी अक्षमता वाले सभी व्यक्ति अवसर , प्रशिक्षण तथा व्यक्तिगत शक्ति पर आधारित अन्य सहायता उपलब्ध कराने पर कार्य कर **सकते** हैं। सेवाएं सर्वाधिक एकीकृत परिवेश में प्रदान की जाती हैं तथा व्यक्ति की देखभाल योजना के अनुरूप दी जाती हैं,। इस योजना को एक ऐसी विशद व्यक्ति आधारित योजना प्रक्रिया के द्वारा विकसित किया गया है, जो कि सर्वाधिक एकीकृत सेटिंग का मूल्यांकन करती है तथा सामुदायिक एकीकरण की वर्तमान बाधाओं को दूर करती है।

**नोटः** *DDA सेवाएं प्राप्त करते हैं ऐसे कार्य करने वाली आयु (16 से 64 वर्ष) के सभी व्यक्तियों के लिए, रोजगार 'पहला' विकल्प होगा।*

- **गवर्नर्स ट्रांजिशनिंग यूथ इनशिएटिव:** अत्यधिक तीव्र अक्षमता वाले व्यक्ति कार्य कर सकते हैं तथा स्कूल छोड़ने के बाद मैरीलैंड के भविष्य में योगदान दे सकते हैं, यह प्रदर्शित करने के लिए वर्ष 1989 में गवर्नर्स ट्रांजिशनिंग यूथ इनिशिएटिव (GTYI) को तैयार किया गया। ट्रांजिशनिंग यूथ एक विशेष प्रकार के योग्यता वर्ग तथा सेवा प्राथमिकता में शामिल है। गवर्नर्स ट्रांजिशनिंग यूथ इनिशिएटिव के जरिए DDA, डिविज़न ऑफ रिहेबिलिटेशन सर्विसेज (DORS) के सहयोग से ऐसे अर्हता प्राप्त स्नातक होने वाले छात्रों के लिए सहायता प्रदत्त रोजगार को फंड प्रदान करने में सक्षम हुआ है, जिन्हें अन्यथा DDA सेवाएं प्राप्त नहीं होतीं। गवर्नर्स ट्रांजिशनिंग यूथ इनिशिएटिव (GTYI) हेतु अर्हता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को *पूरी तरह से विकास संबंधी अक्षमता वाले व्यक्ति के रूप में पात्र माना जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त छात्र अपने 21 से लेकर 22वें जन्मदिन तक योग्य होगा। यदि व्यक्ति की ग्रेजुएशन की तिथि व्यक्ति के 21वें जन्मदिन के बाद की हो तो वह ग्रेजुएशन की तिथि के एक वर्ष बाद तक योग्य माना/मानी जाएगी।*

GTYI के जरिए प्राप्त सेवाएं ऐसी लगातार सेवाएं नहीं होतीं जिनमें लोगों को रोजगार प्राप्ति हेतु अवश्य ही उन्मुख होना पड़ता है। सेवाएं पहले सर्वाधिक एकीकृत सेवाओं के क्रम में सूचीबद्ध हैं।

- ***सहायता प्रदत्त रोजगार सेवाएं*** कम्युनिटी आधारित सेवाएं होती हैं जो व्यक्ति को रोजगार पाने तथा उस बरकरार रखने में मदद करती हैं, या ये समुदाय में उनके अपने व्यवसाय को स्थापित करने में भी सहायता करती हैं। सहायता जो कि प्रायः जॉब कोच की मदद से दी जाती है, उनकी गहनता व्यक्ति की आवश्यकता के आधार पर अलग–अलग होती है। सहायता निरंतर चालू रह सकती है या समय के साथ बंद भी हो सकती है। मॉडलों में स्व–रोजगार, व्यक्तिगत रोजगार तथा समूह रोजगार (अर्थात एंक्लेव या मोबाइल समूह) शामिल होते हैं। यह सेवा न्यू डाइरेक्शन वेइवर के अंतर्गत स्व–दिशानिर्दिष्ट हो सकती है।
- ***रोजगार अन्वेषण तथा अनुकूलन सेवाएं (एम्प्लॉयमेन्ट डिस्कवरी एंड कस्टमाइज़ेशन सर्विसेज़)*** समय सीमाबद्ध, समुदाय–आधारित सेवाएं होती हैं (3 महीने की अवधि), जिसे रोजगार की खोज, अनुकूलन तथा प्रशिक्षण क्रियाकलाप प्रदान करने हेतु निर्माण किया गया है ताकि एकीकृत कार्य स्थलों पर व्यक्ति को प्रतियोगात्मक रोजगार पाने में मदद मिले, जहां व्यक्ति को तुलनात्मक पारिश्रमिक प्राप्त हो । सेवाओं में शामिल हैंः समुदाय आधारित परिस्थितिजन्य मूल्यांकन, नौकरी का विकास, नौकरी तथा कार्य का विश्लेषण, नौकरी के लिए प्रशिक्षण, कार्य कुशलता का प्रशिक्षण, कार्य सामग्रियों, प्रक्रियाओं तथा प्रोटोकॉल में सुधार, इत्यादि। पर ये सेवाएं इन तक ही सीमित नहीं हैं। यह सेवा न्यू डाइरेक्शन्स वेइवर के अंतर्गत स्व–दिशानिर्दिष्ट हो सकती है।
- ***कम्युनिटी लर्निंग सेवाएं*** समुदाय आधारित सेवाएं होती हैं, जो लोगों को रोजगार प्राप्त करने हेतु आवश्यक कुशलता विकसित करने में तथा सहायता प्राप्त करने में मदद करती हैं, ये सकारात्मक विकास को बढ़ावा देती

हैं, क्रियाकलाप प्रदान करती हैं, विशेष सहायता, मदद एवं शिक्षा प्रदान करती हैं। सेवाएं अत्यधिक व्यक्तिनिष्ठ हैं और इनमें शामिल हो सकते हैं: स्व–निर्धारण/स्व–समर्थन प्रशिक्षण; कार्यशाला तथा कक्षाओं में भाग लेने के लिए सहायता, पीयर मेन्टरिंग; वॉलन्टीयर क्रियाकलाप; स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले क्रियाकलाप, समाजीकरण इत्यादि। लेकिन यह सेवा उन तक ही सीमित नहीं है। यह सेवा न्यू डाइरेक्शन्स कार्यक्रम के अंतर्गत स्व–दिशानिर्दिष्ट हो सकती है।

- ***ट्रेडिशनल डे हेबिलिटेशन सेवाएं*** सुविधा आधारित सेवाएं होती हैं, जिन्हें मोटर, संचार, व्यक्तिगत स्वास्थ्य तथा अवकाश कुशलता एवं सामुदायिक एकीकरण को बढ़ाने या बरकरार रखने के लिए संरचनाबद्ध क्रियाकलापों को प्रदान करने के लिए निर्माण किया गया है।

- **टिकिट टु वर्क प्रोग्राम:** टिकिट टु वर्क एंड सेल्फ सफिश्यन्सी प्रोग्राम उन अक्षमता वाले लोगों के लिए एक रोजगार कार्यक्रम है, जो नौकरी पर जाना चाहते हैं। टिकिट टु वर्क कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा प्रशासन अक्षमता वाले लाभ प्राप्त करने वाले को को एक *टिकट* प्रदान करता है, जिसका प्रयोग रोजगार पाने में सफल होने के लिए आवश्यक सेवाओं तथा सहायता प्राप्त करने में किया जा सकता है।

**अतिरिक्त जानकारी या सेवाओं के लिए आवेदन हेतुः:**
www.ddmaryland.org
1-877-468-3464

सामाजिक सुरक्षा प्रशासन द्वारा सहायताप्रदत्त रोजगार सहायता:
www.socialsecurity.gov/work/
1-800-772-1213

टिकिट टु वर्क कार्यक्रम :
www.yourtickettowork.com/

## *2. डिविज़न ऑफ रिहेबिलिटेशन सर्विसेज (पुनर्वास सेवा प्रभाग - DORS)*

मैरीलैंड स्टेट डिपार्टमेन्ट ऑफ एजुकेशन, डिविजन ऑफ रिहेबिलिटेशन सर्विसेज द्वारा बहुत अधिक अक्षमता वाले व्यक्तिओं को रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और स्वावलम्बी बनाने के लिए मैरीलैंड में व्यावसायिक पुनर्वास कार्यक्रम चलाया जाता है। जब बहुत अधिक अक्षमता वाले छात्र माध्यमिक स्कूलों से निकल कर रोजगार के क्षेत्र में जाने अथवा उत्तरमाध्यिमक शिक्षा ग्रहण करने एवं/अथवा व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने की ओर उन्मुख होते हैं, तो उन्हें असरदार कार्यक्रम और सेवाएं उपलब्ध कराना प्रभाग के वरीयता क्रम में सबसे ऊपर है और यह स्थानीय स्कूल तंत्र, अक्षमता वाले छात्रों, सामुदायिक कार्यक्रमों तथा परिवार के सदस्यों के साथ अपनी साझेदारी को महत्व देता है। अक्षमता वाले छात्रों को सेवा की सुस्पष्ट जानकारी प्रदान करने और सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु DORS का मैरीलैंड के प्रत्येक स्थानीय स्कूल डिस्ट्रिक्ट के साथ अनुबंध है।

DORS ऑफिस ऑफ फील्ड सर्विसेज, ऑफिस ऑफ ब्लाइन्डनेस एंड विज़न सर्विसेज अझैर वर्कफोर्स एंड टेक्नोलॉजी सेन्टर के जरिए कार्यक्रम एवं सेवा उपलब्ध कराता है।

- **DORS के कर्मचारी :** सम्पूर्ण मैरीलैंड में फैले DORS के कार्यालयों में अक्षमता वाले बच्चों के साथ कार्य करने में विशेषज्ञ रिहेबिलिटेशन काउन्सिलर्स होते हैं। DORS के ट्रांजिशन परामर्शदाता मैरीलैंड के प्रत्येक माध्यमिक स्कूल में नियुक्त रहते हैं तथा वे स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर काम करते हैं। इनमें प्रायः ट्रांजिशन कोऑर्डिनेटर तथा स्पेशल एजुकेशन शिक्षक होते हैं। DORS के स्टॉफ द्वारा छात्रों एवं उनके परिवारों को ट्रांजिशन मेलों तथा अन्य उपयुक्त स्कूली कार्यक्रमों के अवसर पर जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। ट्रांजिशन परामर्शदाता आम तौर पर गम्भीर एवं अति गम्भीर अक्षमता वाले छात्रों के साथ अंतिम से पहले के वर्ष में सीधे कार्य करना प्रारंभ करते हैं। वे छात्रों तथा उनके परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर सेवा के लिए योग्यता एवं प्राथमिकता निर्धारित करते हैं और तब रोजगार सेवाओं के लिए योजना विकसित करते हैं जिनमें से कुछ को छात्र के स्कूल में रहते ही तथा कुछ को उनके स्कूल खत्म करने के बाद लागू किया जाता है।

- **योग्यता एवं सेवा की प्राथमिकता :** संघीय (फेडरल) कानून के तहत कोई भी DORS के वोकेशनल रिहेबिलिटेशन (व्यावसायिक पुनर्वास - VR) कार्यक्रम के लिए उपयुक्त हो सकता है यदि वह (1) ऐसी शारीरिक अथवा मानसिक क्षति से ग्रस्त है जो उसके रोजगार में *काफी* बाधक बन सकती है, (2) रोजगार उपलब्धि के रूप में सेवाओं से लाभ उठा सकता है, तथा (3) रोजगार प्राप्ति के लिए उसे व्यावसायिक पुनर्वास सेवा प्राप्त करने की आवश्यकता हो। संसाधनों के सीमित होने के कारण DORS केवल गम्भीर एवं अति गम्भीर अक्षमता वाले छात्र को ही सेवा उपलब्ध कराता है। इसकी परिभाषा ऐसे व्यक्ति के रूप में की जाती है जिसे लम्बे समय तक अनेक प्रकार की सेवाओं की आवश्यकता होती है तथा जिसकी अक्षमता *गम्भीर रूप से* एक या अधिक क्रियात्मक क्षमता जैसे चलना–फिरना, संवाद, खुद की देखभाल, स्वनिर्देशन, अंतरवैयक्तिक हुनर, कार्य–सह्यता तथा कार्य–निपुणता को *सीमित* करती है। सेवाओं के लिए एक प्रतीक्षा सूची हो सकती है।

- **सेवाओं के लिए रेफेरल।** (1) विशेष शिक्षा में, (2) 504 योजनाओं के साथ अथवा (3) गंभीर स्वास्थ्य क्षति से ग्रस्त गंभीर तथा अति गंभीर अक्षमता से ग्रस्त छात्र को रेफर किया जाना चाहिए जब तक कि:

    1. उसका लक्ष्य रोजगार पाना हो
    2. वह ऊपर वर्णित क्रियात्मक क्षेत्रों में से कम से कम एक में गंभीर बाधा से ग्रस्त हो (देखें : *योग्यता तथा सेवाओं की प्राथमिकता*)

    नोट*:* ऐसे छात्र जिन्हें सप्लिमेन्टल सिक्योरिटि इन्कम (अनुपूरक सुरक्षा आय –SSI) अथवा सोश्यल सिक्योरिटि डिसेबिलिटि इन्श्योरेन्स (सामाजिक सुरक्षा अक्षमता बीमा – SSDI) प्राप्त है, VR सेवाओं के लिए योग्य माने जाते हैं तथा यह भी कि वे गंभीर अक्षमता से ग्रस्त हैं, और यदि उनका रोजगार पाने का लक्ष्य हो, तो वे रेफर किए जाने चाहिए।

    छात्रों को रेफर नहीं किया जाना चाहिए यदि वे:

- DORS से रोजगार सेवा पाने में दिलचस्पी न रखते हों
- साधारण क्षति से ग्रस्त हों जो उनकी क्रियात्मक क्षमताओं को *गंभीरता* से प्रभावित न करती हों तथा जो ममूली मदद या समायोजन से उत्तरमाध्यिमक शिक्षा अथवा रोजगार पाने में सक्षम हों।

- **रेफेरल की समयसीमा और साधन :** ज्यादातर किस्सों में DORS ट्रांजिशन करने वाले छात्रों के साथ उनकी माध्यमिक शिक्षा के समाप्त होने के एक वर्ष पहले से कार्य करना आरंभ कर देता है। यदि किसी विद्यार्थी विशेष के लिए समय से पूर्व कार्य करना आवश्यक हो तो इसे अपवाद के रूप में स्वीकारा जा सकता है। स्कूल के कर्मचारी छात्रों के रेफेरल में, नियुक्त DORS ट्रांजिशन परामर्शदाता के साथ समन्वय करेंगे। स्कूल द्वारा रेफेरल के साथ उपलब्ध कराई जाने वाली सूचना (जैसे, मूल्यांकन सूचना, एग्ज़िट डॉक्युमेन्ट, इन्डिविजुअलाइज़्ड एजुकेशन प्रोग्राम (IEP) अथवा 504 योजना) योग्यता निर्धारण तथा रोजगार हेतु व्यक्तिगत योजना (इन्डिविजुअलाइज़्ड प्लान) विकसित करने में सहायता करेगी।

- **इन्डिविजुअलाइज़्ड प्लान फॉर एम्प्लॉयमेन्ट (रोजगार हेतु व्यक्तिगत योजना - IPE):** सेवाओं की एक योजना जिसे *इन्डिविजुअलाइज़्ड प्लान फॉर एम्प्लॉयमेन्ट* (IPE) कहते हैं, तैयार करने के लिए DORS के परामर्शदाता योग्यता प्राप्त उम्मीदवार के साथ कार्य करते हैं। IPE के अंतर्गत शामिल सेवाएं वे होती हैं जिनकी आवश्यकता छात्र और परिवार की भागीदारी में व्यक्तिगत रूप में निर्धारित रोजगार लक्ष्य को हासिल करने में होती है। रोजगार लक्ष्य तथा वांछित सेवाएं छात्रों की विशिष्ट क्षमता, संसाधन, प्राथमिकता, रुचि, आवश्यकता तथा पसंद पर आधारित होते हैं। IPE के अंतर्गत (1) रोजगार लक्ष्य, (2) रोजगार प्राप्त करने की तय समय सीमा, (3) आवश्यक सेवाएं, (4) सेवाओं के लिए धन कहां से उपलब्ध होगा तथा (5) इसका निर्धारण कैसे होगा कि सेवाएं सफल हुई हैं, शामिल होते हैं। स्पेशल एजुकेशन प्राप्त कर रहे छात्रों के लिए IPE का विकास इन्डिविजुअल एजुकेशन प्लान के अनुरूप किया जाता है। सेवाओं के आरंभ होने से पहले IPE को DORS द्वारा अनुमोदित होना चाहिए।

